# जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

पंतनगर। 22 नवम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकतापरक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जनजातीय संस्कृति, इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान के प्रति समझ और सम्मान विकसित करना था। सत्र की शुरुआत एनएसएस गीत के साथ हुई, जिसके पश्चात जनजातीय गौरव दिवस का महत्व, जनजातीय समाज की विविधता एवं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके योगदान पर परिचयात्मक प्रस्तुति दी गई। इसके बाद शैक्षिक सत्र में बिरसा मुंडा, भारतीय जनजातीय समुदायों, 'उलगुलान' आंदोलन तथा पर्यावरण संरक्षण में जनजातीय समाज की भूमिका पर आधारित डॉक्यूमेंट्री एवं प्रस्तुति प्रदर्शित की गई। रचनात्मक गतिविधियों में छात्राओं ने ट्राइबल प्राइड, बिरसा मुंडा, फॉरेस्ट्स जैसे विषयों पर डिजिटल पोस्टर तैयार किए तथा वारली, गोंड डॉट आर्ट और सौर पैटर्न जैसी पारंपरिक जनजातीय कला कृतियाँ बनाईं। सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए संथाली और कर्मा नृत्य व समूह गीत की प्रस्तुति भी दी गई। अंत में एनएसएस प्रतिज्ञा दिलाई गई We pledge to honour tribal culture and work for equality and respect यह आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक विविधता के प्रति संवेदनशीलता और गर्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या रानी के कुशल निर्देशन में हुआ।

